शहरी विकास मंत्री (श्री भोल : राम सारण) : (क) जी, हां ।

(ख) यह परियोजना इस समय अभिकल्प-पूर्व अध्ययन अवस्था में हैं ।

रेलवे स्टेशनों पर भोजन व जलपान उपलब्ध कराने के लिए राज सहायता

1250. डा० जितेन्द्र कुमार जैन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यात्रियों की सुविधा के लिये स्टेशनों पर तथा गाड़ियों में भोजन व जलपान की आवश्यक व्यवस्था की गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस व्यवस्था को सुचारू तथा प्रभावी ढंग से चलाने के लिये सरकार द्वारा राज-सहायता दी जाती है ;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा इस विभाग को कितनी धनराशि की राज-सहायता दी गई है ;

(घ) क्या इन वर्षों के दौरान यात्रियों को परोसे गये भोजन व नाश्ते आदि की गुणवत्ता में भी कोई सुधार किया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष के दौरान अब तक किये गये सुधारों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरन दास) : (क) जी, हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ङ) खानपान सेवा में सुधार करना एक सतत् प्रक्रिया है । इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये किये गये उपाय इस प्रकार हैं—आधार रसोईघरों का आधुनिकीकरण, कैंसरोल सेवा शुरू करना, अच्छी गुणवत्ता की कच्ची सामग्री का इस्तेमाल, व्यंजन सूची में संशोधन, लकड़ी के कोयले का इस्तेमाल समाप्त करना, साफ सुथरे वातावरण में भोजन तैयार करना, नियमित और आकस्मिक जांच करना तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना ।

विनाशक जीवनाशियों का प्रतिकूल प्रभाव

1251. डा० जितेन्द्र कुमार जैन : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में प्रति वर्ष रोगों व कीटाणुओं के कारण फसलों का बहुत बड़ा भाग नष्ट हो जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप अनुमानित नुकसान कितना होता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वैज्ञानिकों ने कृषि उत्पादन पर विनाशक जीवनाशियों के इस्तेमाल के संभावित प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में अनुसंधान कार्य शुरू किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उचित एवं निरापद विनाशक जीवनाशियों के संबंध में अनुसंधान करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयसी लाल वीर चन्द भाई शाह) : (क) और (ख) जी, हां, हमारे देश में हर वर्ष कीटों और बीमारियों से फसलों को काफी क्षति पहुंचती है । आमतौर पर अनुमानित क्षति 10–30 प्रतिशत तक की होती है जो कि फसलों, उसकी किस्म, कीटों, मौसम तथा स्थानीय स्थिति आदि पर निर्भर करता है । यह क्षति केवल फसलों की है न कि गोदामों में रखे खाद्यान्नों की ।

(ग) और (घ) जी, हां, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि उत्पादन में कीटनाशकों के प्रयोग से होने